प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

माननीय कृषि मंत्री श्री गणेश जोशी करेंगे 112वें किसान मेले का उद्घाटन

पंतनगर। 15 अक्टूबर 2021। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में निदेशक प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा आज किसान मेले की पत्रकार सम्मेलन में आयोजित की गयी, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि 112वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 17 से 20 अक्टूबर 2022 को किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य कृषि विविधिकरण के साथ वैज्ञानिकों द्वारा विकसित तकनीकी जानकारी को और अधिक बढाया जाना है, जिससे किसान उन तकनीकों को अपनी खेती में अपनाकर अपनी आय में वृद्वि कर सके। उन्होंने बताया कि इस मेले में विश्वविद्यालय द्वारा उत्पादित खरीफ की विभिन्न फसलों जैसे धान, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, सोयाबीन एवं सब्जियों आदि के वैज्ञानिक पद्वति से लगाये गये परीक्षण/प्रदर्शन दिखाये जायेंगे तथा रबी की प्रमुख फसलों जैसे गेहूं, चना, मटर, जौ, मसूर, तोरिया, सरसों एवं सब्जियों की अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के प्रमाणित व आधारीय बीज विक्रय हेतु उपलब्ध होंगे। साथ ही विभिन्न शोध केन्द्रों द्वारा उत्पादित सब्जियों, फूलों, औषधीय व संगध पौधों, फलों इत्यादि के पौधों व बीजों की बिक्री भी की जाएगी। विभिन्न कृषि निवेश जैसे–खाद, उर्वरक, बीज, पशु आहार, पशुचिकित्सा, कीट एवं रोग के नियंत्रण हेतु रासायनिक एवं जैविक उत्पाद, नर्सरी उत्पाद इत्यादि से सम्बन्धित फर्मों द्वारा भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की जायेगी। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़े 10 स्वयं सहायता समूहों द्वारा मेले में स्टाल लगाये जायेंगे। डा. चौहान ने बताया कि किसान मेले का उद्घाटन माननीय कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड, श्री गणेश जोशी द्वारा मेले का उद्घाटन अपराह्न 3:00 बजे किया जाएगा तथा मेले में लगी प्रदर्शनी का भ्रमण भी किया जाएगा। इसके उपरांत माननीय कृषि मंत्री द्वारा गांधी हाल में सभी को संबोधित किया जाएगा। मेले के द्वितीय दिवस में माननीय राज्यपाल, महाराष्ट्र, श्री भगत सिंह कोश्यारी द्वारा मेले में लगी प्रदर्शनी का भ्रमण कर गांधी हाल में वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं किसानों को संबोधित करेंगे।

निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा, ने सम्मेलन में कहा कि इस किसान मेले में छोटे–बड़े लगभग 550 स्टाल लगाये गये है। उन्होंने कहा कि इस मेले में उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश एवं देश के विभिन्न राज्यों एवं पड़ोसी देशों से लगभग 20 हजार किसानों के आने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि किसान मेले में पहाड़ी क्षेत्रों के किसानों हेतु छोटे कृषि यंत्रों जैसे ट्रैक्टर, पावर ट्रिलर, पावर वीडर, सब–स्वायलर एवं सिंचाई यंत्रों आदि की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। मेले में किसानों हेतु रहने की व्यवस्था की गयी। उन्होंने कहा कि किसान मेले को स्वच्छ बनाने एवं पॉलीथीन मुक्त रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर निदेशक संचार, डा. एस. के. बंसल ने बताया कि मेले में आने वाली फर्मों के स्टालों का लगना जारी है।

किसान मेले की तैयारियों जोरो पर।